Bridging Refugee Youth & Children's Services

This document is provided by the BRYCS Clearinghouse.

# Understanding the Laws on How You Can Discipline Your Children: A Guide for New Immgrant Families to the Laws about Child Abuse and Neglect in New York

By Lydia Fan

Reproduced with permission of Coalition for Asian American Children and Families

New York, NY

© 2002

BRYCS is a project of the United States Conference of Catholic Bishops/Migration and Refugee Services (USCCB/MRS)
1-888-572-6500/ info@brycs.org/ www.brycs.org

**ACKNOWLEDGMENTS**

*Developed with funding from the Child Welfare Fund, Hedge Funds Care, and William T. Grant Foundation. Translated by Ambalika Misra.*

*Researched and written by Lydia Fan, Esq. Additional thanks to the National Coalition for Child Protection Reform and the firm of Davis, Polk & Wardwell for research assistance; to the individuals and the community-based organizations who reviewed the brochure; and to Jade Lee for design and layout.*

---

*The Coalition for Asian American Children and Families seeks to improve the quality of life for the New York City Asian American community by facilitating access to health and human services that are sensitive to all Asian American children and families.*

JANUARY 2002
HINDI

CACF

*Challenging Myths ◆ Building Bridges*
*Advocating For Social Change*

---

**120 WALL STREET, 3RD FLOOR**
**NEW YORK, NY 10005**

*phone:* **212.809.4675**
*website:* **www.cacf.org**
*fax:* **212.344.5636**
*e-mail:* **cacf@cacf.org**

CACF

**THE COALITION FOR ASIAN AMERICAN CHILDREN AND FAMILIES**

# Understanding The Laws
# On How You Can **Discipline Your Children**



**A GUIDE FOR NEW IMMIGRANT FAMILIES TO THE LAWS ABOUT CHILD ABUSE AND NEGLECT IN NEW YORK**

**बच्चों को अनुशासन में रखने सम्बंधी कानून ।**

नये आप्रवासी परिवारों के लिए:
बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार और उपेक्षा से जुड़े कानूनों को
समझाने वाली संदर्शिका

**My family came from India five years ago. My son's friends at school were bad boys who told him to miss school and stay out late. My husband and I grew tired of this behavior, and locked our son in his room for two days.**

**His teacher learned about his punishment and reported us for child abuse. Someone came to our house to investigate. Even though the investigation has ended, we still have a record of suspected child abuse. Why did this happen?**

Immigrant families can get in trouble unknowingly with the U.S. laws on child abuse. Asian families often get involved in child abuse investigations because they have different beliefs on how to raise children. For example, Asian parents believe that children must be respectful. Some parents believe that strong discipline is one way to make sure that children are obedient.

In Indian culture, the family is most important. An Indian family might expect their child to support the family by doing well in school and obeying his parents. The Indian family might use strong discipline to make sure that the child represents his family in the proper way. However, in America, the individual is most important. American society might consider the family's discipline to be too strong, especially if the child is hurt physically or emotionally.

American laws give parents a lot of freedom on how to discipline their children. But the laws also protect children if the authorities believe that the discipline becomes dangerous. The government strictly enforces these laws against **child abuse and child neglect.** These laws are meant to protect the safety of children, even if the parents do not mean to hurt the children.

You need to understand how the American laws affect how you raise your children, and you may have to learn new ways to discipline your children. The U.S. laws are based on the views of the general American society, which may be different from your own views. It does not matter how people in your home country use discipline. **You will be judged by the customs of America and not by your own personal religious or cultural beliefs.**

मेरा परिवार ५ वर्ष पहले भारत से अमेरिका आया । यहाँ स्कूल में मेरे बेटे के मित्र बुरे थे जो उसे स्कूल न जाने और देर रात तक बाहर रहने के लिए कहते थे । उसके इस रवैये से तंग आकर हमने उसे दो दिन तक कमरे में बन्द रखा ।
उसके अध्यापक को इस बात की खबर लग गयी और उसने हमारे बारे में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत कर दी । आरोप की जांच करने के लिए एक व्यक्ति हमारे घर आया। हालाँकि जाँच पड़ताल समाप्त हो गयी है, लेकिन हम पर बच्चे के प्रति दुर्व्यवहार करने का आरोप बना हुआ है । ऐसा क्यों हुआ ?

बच्चो की देखभाल के बारे में भिन्न मान्यताएं होने के कारण आप्रवासी भारतीय परिवार अक्सर अनजाने में ही बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार सम्बन्धी कानूनो की चपेट में आ जाते हैं। जैसे भारतीय परिवारों में माना जाता है कि बच्चे बड़ों का आदर करें। कई मां बाप मानते हैं कि बच्चों को आज्ञाकारी बनाने के लिए एक तरीका कड़ा अनुशासन है। भारतीय संस्कृति में परिवार सबसे महत्वपूर्ण होता है। भारतीय परिवार यह अपेक्षा करता है कि बच्चा स्कूल में खूब पढ लिख कर अपने माँ बाप की आज्ञा मानते हुऐ परिवार को संभाले। बच्चा सही रूप से परिवार का प्रतिनिधि बने उसके लिए भारतीय परिवार कड़े अनुशासन का सहारा ले सकता है । लेकिन अमेरिका में व्यक्ति सबसे महत्वपूर्ण है। अमेरिकी समाज परिवार के उस अनुशासन को बहुत कड़ा कदम समझ सकता है । विशेषकर यदि उससे बच्चे को शारीरिक या मानिसिक चोट पहुंचती हो ।

अपने बच्चो को अनुशासित करने के बारे में अमेरिकी कानून मां बाप को काफी स्वतंत्रता देते हैं । परन्तु यदि अधिकारियों को ऐसा लगे कि अनुशासन से बच्चों को खतरा है तो कानून बच्चों का संरक्षण भी करते हैं। बच्चो के प्रति दुर्व्यवहार और उपेक्षा के खिलाफ सरकार इन कानूनों का कड़ा पालन करती है । ये कानून बच्चों की सुरक्षा के लिए हैं चाहे मां बाप का मतलब बच्चे को चोट न पहुँचाना हो ।

आपको समझना होगा कि अमेरिकी कानून आपके अपने बच्चे की परवरिश पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं । हो सकता है आपको अपने बच्चे को अनुशासित करने के नये तरीके सीखने पड़ें । यह कानून आम अमेरिकी समाज के दृष्टिकोण पर आधारित है जो आपके दृष्टिकोण से अलग हो सकते हैं । यह कोई इतना महत्वपूर्ण नही है कि आपके देश में लोग अनुशासन का पालन कैसे करते हैं। आप पर अमेरिका के तौर तरीके लागू होंगे न कि आपकी निजी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थायें ।

**Your best protection is to know the law.** Once a child abuse report is made, the process can take weeks, months, or even years to end. You may have to go to court. **The government can even take your children away from your home *before* you go to court.** This brochure explains how you can discipline your child legally to avoid a child abuse report. You will see that you still have a lot of choices on how to punish your child, with some limits. We also hope that you will teach other families about how to discipline their children in their new home.

## CAN I SPANK MY CHILD?

**A 10-year-old boy stole some candy from the supermarket. His parents were upset because this was the third time he was caught stealing. His father yelled at him and hit him on the palms and legs repeatedly with a cane until there were swollen red marks. He said that the marks would remind him not to steal again.**

American society has many different views on spanking your child. Some parents believe that spanking is okay. However, many Americans believe that spanking is not good for the child's development. Even though lightly spanking your child may be legal, the authorities may consider it child abuse, especially if there is a bruise or a mark on the child's body. **Any spanking that leaves a mark or involves hitting your child with an object (like a cane, a coat hanger, or a belt) will be considered child abuse by American society.**

Some forms of traditional discipline do not include hitting the child, such as having the child hold one position for a long time. However, you should know that American society might consider these punishments too painful for the child. **Discipline that causes excessive pain to the child may be child abuse even if you do not physically hit the child.**

अपने बचाव के लिए आपको कानून की जानकारी व समझ होनी चाहिए । एक बार बच्चे के साथ दुर्व्यवहार करने की रिपोर्ट हो जाने पर उसकी जाँच प्रक्रिया पूरी होने में कई हफ्ते, महीने, यहाँ तक कि साल भी लग सकते हैं। आपको अदालत जाना पड़ सकता है । आपके अदालत जाने से पहले सरकार आपके बच्चों को घर से ले भी जा सकती है । इस पुस्तिका में आपको बताया गया है कि बच्चे के प्रति दुर्व्यवहार की रिपोर्ट से बचने के लिए आप अपने बच्चे को कानूनी तौर पर कैसे अनुशासित कर सकते हैं । आप देखेंगे कि कुछ सीमाओं के भीतर बच्चे को दंड देने के और भी कई तरीके हैं । हमें इस बात की भी आशा है कि आप अन्य परिवारों को भी सिखायेंगें कि वे अपने नये समाज में अपने बच्चों पर अनुशासन कैसे लागू करें ।

## क्या मैं अपने बच्चे को पीट सकता हूँ ?

१० साल के एक बच्चे ने दुकान से मिठाई चुरायी । उसके माता पिता बहुत परेशान थे क्योंकि वह तीसरी बार चोरी करते हुए पकड़ा गया । लड़के के पिता ने उसे डाँटा और छड़ी से उसकी हथेलियों व टांगों पर इतना पीटा कि वहाँ सूजन और लाल निशान पड़ गये। पिता का कहना था कि ये निशान उसे दोबारा चोरी न करने की याद दिलाते रहेंगे ।

बच्चों के पीटने के बारे में अमेरिकी समाज के कई अलग मत हैं । कुछ माता पिता का सोचना है कि बच्चों को पीटना सही है । लेकिन बहुत से अमेरिकी लोगों का मानना है कि उसके विकास के लिये बच्चे को मारना पीटना अच्छा नही है। हाँलाकि हल्की सी पिटाई वैध हो सकती है परन्तु अधिकारी उसे बच्चे के प्रति दुर्व्यवहार मान सकते हैं खासकर यदि उससे बच्चे के शरीर पर निशान या चोट लगे । किसी भी प्रकार का मारना-पीटना जिससे बच्चे के शरीर पर निशान या चोट लगे अथवा छड़ी, बैल्ट या कोट हैंगर जैसी वस्तु से बच्चों को मारना-पीटना, अमेरिकी समाज की नज़र में बच्चे के प्रति किया गया दुर्व्यवहार समझा जायेगा।

कु छ लोग बच्चे को पीटने के बजाय अनुशासन के कुछ और तरीके अपनाते हैं, जैसे बच्चे को एक ही अवस्था में लम्बे समय तक जबरदस्ती रखना । लेकिन आप को यह मालूम होना चाहिए कि अमेरिकी समाज में इस प्रकार के दंड बच्चे के लिए बहुत कष्टदायक समझे जाएँगे । चाहे बच्चे को आप न भी पीटें लेकिन ऐसा अनुशासन जो बच्चे के लिए अत्यधिक क ष्ट देने वाला हो बच्चे के साथ दुर्व्यवहार समझा जायेगा ।

## CAN I TAKE AWAY MY CHILD'S PRIVILEGES?

**A 14-year-old girl comes home late again. Her parents are so frustrated that they don't let her watch TV for a week so she will not do it again.**

Rewarding a child for good behavior is the best way to encourage him to continue that behavior. However, some parents prefer to punish bad behavior by taking away privileges, such as taking away the TV or not letting the child play with friends. Taking away privileges is usually okay.

But even though parents can take away privileges, they must still make sure that the child develops physically and emotionally. Parents cannot punish their children by depriving them of basic necessities or by hurting their long-term emotional health. **Physical neglect** is when a child suffers physically, mentally or emotionally because the parent did not provide enough **food, clothing, shelter, education or medicine. Emotional abuse and neglect** includes when a child is **threatened, repeatedly yelled at, or made to feel fear** to the extreme that it hurts the child's mental or emotional development. Parents need to make sure that the child is reasonably happy, friendly, self-confident and not overly worried or scared. So you can take away privileges, but you cannot hurt the child's physical or emotional growth.

## WHOM DO THESE LAWS APPLY TO?

You should know that under U.S. law, parents and others who care for the child have a duty to protect the child from the danger of excessive discipline.

### Persons who "Allow" the Abuse

If you know that someone else is disciplining your child in a way that might be child abuse, you must protect your child. **You must do more than just try to stop the abuse. You must actually stop it.** A parent might have to call the police if he or she cannot stop the abuse alone.

## क्या मैं अपने बच्चे के विशेष अधिकार को वापस ले सकता हूँ ?

**१४ साल की एक बच्ची फिर देर से घर लौटी । उसके माँ बाप इतने तंग आ चुके थे कि वे उसे एक हफ्ते तक टी वी. नही देखने देते ताकि वह दोबारा ऐसा नहीं करे ।**

अच्छा बरताव करने पर बच्चे को प्रोत्साहन देना सबसे बढिया तरीका है जिससे वह भविष्य में अच्छा बरताव करता रहे । परन्तु गलत व्यवहार करने पर कई माता पिता बच्चे की कुछ विशेष सुविधाओं को वापस ले लेते हैं जैसे उसे टी. वी नही देखने देते या अपने दोस्तों के साथ खेलने नही देते । आमतौर पर ऐसा अनुशासन ठीक ही है ।

हाँलाकि मां बाप बच्चों के विशेष अधिकारों को वापस ले सकते हैं परन्तु उन्हे इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास ठीक से हो । बच्चों को उनकी बुनियादी ज़रूरतों से वँचित कर या उनके मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाकर माता पिता उन्हे सज़ा नही दे सकते । **शारीरिक उपेक्षा का मतलब है बच्चे को पर्यास खाना , कपड़ा आश्रय, शिक्षा या दवाओं से बंचित रखते हुए उसे शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक कष्ट पहुँचाना । भावनात्मक दुर्व्यवहार का मतलब है बच्चे को धमकाना, उस पर बार बार चिल्लाना, या इस हद तक डराना कि बच्चे के भावनात्मक या मानसिक विकास पर असर पड़े ।** माँ बाप को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा बहुत ही ज्यादा चिन्तित या भयभीत होने के बजाय प्रसन्न, मैत्रीपूर्ण और अत्मविश्वासी रहे । अत: आप उसके विशेष अधिकारों को वापिस ले सकते हैं पर बच्चे के मानसिक और, शारीरिक विकास को चोट नही पहुँचा सकते ।

## ये कानून किस पर लागू होते हैं ?

अमेरिकी कानून के अन्तर्गत मां बाप अथवा जो कोई भी बच्चे की देखभाल करते हैं उनका फर्ज़ बनता है कि वे बच्चे को बहुत कड़े अनुशासन के खतरे से बचाकर रखें ।

### दुर्व्यवहार को कौन रोक सकते हैं?

यदि आप जानते हैं कि कोई अन्य व्यक्ति आपके बच्चे को इस तरह अनुशासित कर रहा है जो दुर्व्यवहार हो सकता है तो आपको अपने बच्चे को बचाना चाहिए । **दुर्व्यवहार को रोकने का प्रयास भर ही करना पर्यास नही है, उसे वास्तव में रोक देना होगा ।** यदि मां या बाप अकेले इस दुर्व्यवहार को नही रोक सकते तो पुलिस को बुला सकते हैं ।

The authorities will also hold a parent responsible if they think that the parent **"should have known"** about the abuse. For example, if a spouse has abused the child before and might abuse the child again, then the parent will be expected to protect the child.

### Other People Caring for a Child

Even if you are not a child's parent, these laws apply to you if you are taking care of a child like a parent would. This includes a person responsible for the child's care at the time of the abuse, or a person who is regularly in the child's house, such as a grandparent or babysitter.

In New York, certain people **must report** any suspected abuse or neglect according to the law. These people include doctors, teachers, day care providers, social services workers and police.

## WHERE CAN I GO FOR HELP OR INFORMATION?

What we have written so far is not meant to frighten you, but to help you understand the laws and customs of your new American home. You may need to learn new ways to discipline your child. On the following page is a list of agencies that can help make these changes easier for you.

यदि अधिकारी यह समझते हैं कि मां या बाप को दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी होनी चाहिए थी तो उन्हे दोषी ठहरा सकते हैं । जैसे यदि मां या बाप में से किसी एक ने बच्चे के साथ पहले भी दुर्व्यवहार किया है, और आगे भी कर सकता या सकती है, तो दूसरे से उम्मीद की जाती है कि वह बच्चे को उस दुर्व्यवहार से बचाये रखे ।

### बच्चे की देखभाल करने वाले अन्य व्यक्ति ।

यदि आप बच्चे के मां बाप नही हैं फिर भी उसकी देखभाल मां बाप की तरह कर रहे हैं तो यह कानून आप पर भी लागू होंगें । ऐसे लोगों मे शामिल हैं दुर्व्यवहार के समय बच्चे की देखभाल करने वाला व्यक्ति अथवा ऐसा व्यक्ति जो घर में निरन्तर रहता है जैसे दादा-दादी, नाना-नानी, या बेबीसिटर ।

न्यूयोर्क में बच्चे के प्रति दुर्व्यवहार अथवा उपेक्षा का सन्देह होने पर कुछ लोगों को विधिवत उसकी रिपोर्ट अवश्य करनी होती है । ये हैं: डाक्टर, अध्यापक, डे केयर कर्मचारी, समाज सेवा कर्मचारी और पुलिस ।

## सहायता और जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

हमने अब तक इस पुस्तिका में जो लिखा है वह आपको डराने के लिए नही है, बल्कि आपको अमेरिकी कानूनों और प्रथाओं को समझने में सहायता देने के लिए है । आपको अपने बच्चे को अनुशासित करने के नये तरीके सीखने होंगे। आगे के पृष्ठ पर ऐसी कुछ एजेन्सियों के नाम दिये गये हैं जो कानूनो को आसानी से समझाने में आपकी सहायता कर सकती हैं ।

**The following agencies have bilingual speakers. You can call them with questions or if the Administration for Children's Services (ACS) is investigating you.**

**Queens Child Guidance Center**
(718) 899-9810
87-08 Justice Ave. Room C-7
Elmhurst, NY 11373

**Nav Nirman Foundation, Inc.**
(718) 478-4588
87-08 Justice Ave. Room LA
Elmhurst, NY 11373

**Elmhurst Hospital Center**
(718) 334-1825
79-01 Broadway RM 6-16
Elmhurst, NY 11373

If you suspect child abuse or neglect, call the NY State Child Abuse and Maltreatment Hotline 24 hours/7 days a week at (800) 342-3720. Hindi language assistance is available, but you must be able to make initial request for an interpreter in English. The New York State Child Protective Services will document all calls made to report child abuse or neglect, and, in some cases, they might have to report the case to the Police Department.

निम्नलिखित एजेन्सियों में दो भाषा में बोलने वाले लोग काम करते हैं । अपने प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए अथवा यदि बाल सेवा प्रशासन Administration for Children's Services आपकी जाँच पड़ताल कर रहा है तो सहायता के लिए इनसे फोन पर सम्पर्क कर सकते हैं।

क्वीनज़ चाईल्ड गाइडेन्स सेन्टर
Queens Child Guidance Center
718-899-9810
87-08 Justice Ave. Room C7
Elmhurst, NY 11373

नव निर्माण
Nav Nirmaan Foundation, Inc.
718-478-4588
87-08 Justice Ave. Room LA
Elmhurst, NY 11373

राम कुमार अय्यर
Elmhurst Hospital Center
718-334-1825
79-01 Broadway RM East 6-16
Elmhurst, NY 11373

यदि आपको लगता है कि किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार या उपेक्षा की जा रही है तो आप न्यूयोर्क बाल दुर्व्यवहार व उपेक्षा फोन नम्बर 800-342-3720 पर हफ्ते के सातों दिन, 24 घन्टे कभी भी सम्पर्क कर सकते हैं। इस पर हिन्दी भाषा में सहायता उपलब्ध है, परन्तु उसके लिए पहली बार आपको अंग्रेजी में दुभाषिये की मांग करनी होगी । न्यूयोर्क राज्य का बाल संरक्षण विभाग बाल दुर्व्यवहार या उपेक्षा के बारे में फोन द्वारा की गयी सभी शिकायतों का लेखा रखेगा, तथा कभी कभी पुलिस विभाग में उसकी रिपोर्ट भी कर सकता है ।